अनुलग्नक II

<u>एनबीएफसी पी2पी के निदेशकों के लिए 'उपयुक्त और उचित' मानदंड</u>

एनबीएफ़सी पी2पी को यह सुनिश्चित करने के लिए सूचित किया जाता है कि वह बोर्डों पर नियुक्त करने से पहले निम्नांकित प्रक्रियाओं और व्यक्तियों द्वारा पूरे करने के लिए न्यूनतम मापदंड का पालन करें:

(a) एनबीएफसी पी2पी को एक निदेशक के रूप में बोर्ड पर नियुक्ति के पहले व्यक्ति की उपयुक्तता का निर्धारण करने के लिए शैक्षणिक योग्यता, विशेषज्ञता, ट्रैक रिकॉर्ड, निष्ठा और अन्य '<u>उपयुक्त</u> और उचित' मापदंड के आधार पर उचित जांच प्रक्रिया करनी चाहिए। एनबीएफसी पी2पी को अनुलग्नक-III में दिए गए प्रारूप में इस प्रयोजन के लिए प्रस्तावित / मौजूदा निदेशकों से आवश्यक जानकारी और घोषणा प्राप्त करना चाहिए।

(b) नियुक्ति/उसके नवीकरण के समय एनबीएफसी पी2पी द्वारा उचित जांच प्रक्रिया किया जाना चाहिए।

(c) एनबीएफसी पी2पी के बोर्डों द्वारा घोषणाओं की जांच के लिए नामांकन समितियों का गठन किया जाना चाहिए।

(d) हस्ताक्षर किए घोषणा में उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर, नामांकन समितियों को निदेशकों के बारे में जहां भी आवश्यक हो, स्वीकृति पर या अन्यथा फैसला करना चाहिए।

(e) यदि निदेशकों से संबंधित पूर्व में दी गई जानकारी में परिवर्तन है तो उन्हें तत्काल इसकी जानकारी एनबीएफ़सी पी2पी को दिया जाना चाहिए।

(f) एनबीएफसी पी2पी को प्रतिवर्ष 31 मार्च को निदेशकों से एक साधारण घोषणा प्राप्त करना चाहिए जिसमे उल्लेख हो कि पहले उपलब्ध कराई गई जानकारी में परिवर्तन नहीं आया है और जहां भी परिवर्तन आया है, वहां अपेक्षित विवरण तत्काल उनके द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

(g) एनबीएफसी को जनता के हित में यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बोर्ड में मनोनीत/ निर्वाचित निदेशक अनुलग्नक- IV में दिए गए प्रारूप में सहमति करार निष्पादित करें।